मेरी माँ से बढ़ के दूजा न कोई संसार में

भर जाती सब की झोली माँ के दरबार में,
मेरी माँ से बढ़ के दूजा न कोई संसार में,
माँ सब की पार है करती नैया मझधार में,
मेरी माँ से बढ़ के दूजा न कोई संसार में,

माँ से बढ़ के इस दुनिया में कोई नहीं है और सहारा,
आंबे मैया के चरणों में मिल जाता है सब को किनारा ,
चाहे निर्धन हो या धनि हो सब लगे कतार में,
मेरी माँ से बढ़ के दूजा न कोई संसार में,

शेरोवाली पहाड़ो वाली कही दुर्गा है कही महा काली,
मैया सब की झोली भर्ती कोई न जाए दर से खाली,
कभी कमी नहीं होती रे माँ के भण्डार में,
मेरी माँ से बढ़ के दूजा न कोई संसार में,

शेर की कर के आज सवारी शेरोवाली माँ आएगी,
झूमो नाचो गाओ भगतो किस्मत सब की खुल जायेगी ,
जो मांगो वही मिलेगा माँ के दरबार में ,
मेरी माँ से बढ़ के दूजा न कोई संसार में,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/12820/title/meri-maa-se-badh-ke-duja-na-koi-sansar-me

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |